भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 532**

उत्तर देने की तारीख 4 फरवरी, 2021
15 माघ, 1942 (शक)

**प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन खेल**

**532. श्री संजय भाटियाः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का भिवानी और कैथल में मुक्केबाजी, शाहाबाद में हॉकी, कुरूक्षेत्र में वॉलीबॉल और सोनीपत क्षेत्रों में कुश्ती में विशेष रूप से हरियाणा के एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन केन्द्र स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का पानीपत जिले के एथलीट नीरज चोपड़ा और गगन नारंग की तरह अन्य स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए पानीपत लाइन में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्रों/खेल अकादमियों को स्थापित करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का पिछले कई दशकों के दौरान हरियाणा राज्य के खिलाड़ियों द्वारा की गई उपलब्धि के मद्देनजर हरियाणा में कोई राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

**(श्री किरेन रीजीजू)**

(क) और (ख) : खेल राज्य का विषय है और मुक्केबाजी सहित विभिन्न खेल विधाओं को बढ़ावा देने के लिए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन केंद्रों की स्थापना सहित खेलों के विकास का मुख्य उत्तरदायित्व राज्य सरकारों और राष्ट्रीय खेल परिसंघों का होता है जो वैयक्तिक खेल स्पर्धाओं के संचालन के लिए जिम्मेदार हैं ।

केंद्रीय सरकार इस संबंध में उसके द्वारा और उसके अधीन कार्यरत संगठनों द्वारा कार्यान्वित खेल विकास स्कीमों के माध्यम से राज्य सरकारों और राष्ट्रीय खेल परिसंघों के प्रयासों की पूर्ति करती है ।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) 8-25 वर्ष के आयु समूह में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान करने और पोषित करने के लिए देशभर में निम्नलिखित खेल संवर्धन स्कीमें संचालित कर रहा है ताकि ये खिलाड़ी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें :

- राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई)
- साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)
- एसटीसी के विस्तार केंद्र
- राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी)

मुक्केबाजी, हाकी, वालीबॉल और कुश्ती सहित विभिन्न खेल विधाओं को बढ़ावा देने के लिए उक्त स्कीमें हरियाणा राज्य सहित साई के विभिन्न केंद्रों में कार्यान्वित की जाती हैं । हरियाणा में कार्यशील इन स्कामों का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है ।

इसके अलावा, खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा राज्य सहित पूरे भारत में प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए विभिन्न पहलें शुरू की गई हैं । राष्ट्रीय/ क्षेत्रीय/ राज्य खेल अकादमियों को सहायता नामक घटक के तहत हरियाणा में अकादमियों को सहायता के लिए प्रत्यायित किया गया है । हरियाणा राज्य में इन अकादमियों की सूची अनुबंध-II में दी गई है ।

इसके अलावा, हरियाणा राज्य में निम्नलिखित खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) कार्यशील हैं :

i. मुक्केबाजी, जूडो, कबड्डी, कुश्ती और वुशु के लिए खरखोदा

ii. विशेष रूप से लड़कियों के लिए कबड्डी हेतु मोरमाजरा, करनाल

iii. विशेष रूप से लड़कियों के लिए हाकी हेतु कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

iv. केवल हाकी के लिए कानवेंट गुरुकुल, कुरुक्षेत्र

v. केवल भारोत्तोलन के लिए गुरुनानक खालसा कॉलेज, कुरुक्षेत्र

(ग) और (घ) : वर्तमान में हरियाणा में कोई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी कोई प्रस्ताव मंत्रालय के पास नहीं है ।

****

**अनुबंध-I**

**प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन खेल के संबंध में श्री संजय भाटिया, माननीय संसद सदस्य, द्वारा दिनांक 4.02.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 532 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

**हरियाणा में संचालित साई खेल संवर्धन स्कीमों का ब्यौरा**

i) राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई)

- तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी और कुश्ती के लिए सोनीपत ।
- रोहतक केवल बॉक्सिंग के लिए

ii) साई प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी)

- एथलेटिक्स, साइकिलिंग, हॉकी और वॉलीबॉल के लिए कुरुक्षेत्र
- एथलेटिक्स, मुक्केबाजी और कुश्ती के लिए भिवानी
- एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, हॉकी और कुश्ती के लिए हिसार

iii) राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी)

केवल कुश्ती के लिए अपनाए गए अखाड़े

(क) लाला दीवान चंद, झज्जर

(ख) चौ. भरत सिंह मेमोरियल स्पोर्ट्स स्कूल, निडानी

(ग) कैप्टन राम करण, रोहतक

(घ) शहीद भगत सिंह, हिसार

(ङ) विकास पहलवान, रोहतक

****

**अनुबंध-II**

**प्रशिक्षण और उच्च प्रदर्शन खेल के संबंध में श्री संजय भाटिया, माननीय संसद सदस्य, द्वारा दिनांक 4.02.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 532 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।**

**खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्यायित अकादमियों की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र** | **साई/ गैर-साई** | **प्रत्यायित अकादमियां** | **लड़के/ लड़कियां** | **आवास** | **खेल विधा** | **एफ ओपी** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरियाणा | गैर साई | मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, हरियाणा | बी एंड जी | आर | बास्केटबॉल | हां |
| 2. | हरियाणा | गैर साई | शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय कुश्ती और कबड्डी अकादमी, राजपूत रोड, मिर्चपुर | बी एंड जी | आर | कुश्ती | हां |
| 3. | हरियाणा | गैर साई | आर्य कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंड्री स्कूल, गांव-मोरमाजरा करनाल | जी | आर | कबड्डी | हां |
| 4. | हरियाणा | गैर साई | मानव रचना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, फरीदाबाद | बी एंड जी | आर | निशानेबाजी | हां |
| 5. | हरियाणा | गैर साई | दिल्ली पब्लिक स्कूल, सोनीपत | बी एंड जी | आर | टेबल टेनिस | हां |
| 6. | हरियाणा | गैर साई | शाइनिंग स्टार अकादमी, बहादुरगढ़ | बी एंड जी | आर | बैडमिंटन | हां |
| 7. | हरियाणा | साई | एनसीओई रोहतक | बी एंड जी | आर | मुक्केबाजी | हां |
| 8. | हरियाणा | साई | एनसीओई सोनीपत | बी एंड जी | आर | तीरंदाजी | हां |
| 9. | हरियाणा | साई | एनसीओई सोनीपत | बी एंड जी | आर | एथलेटिक्स | हां |
| 10. | हरियाणा | साई | एनसीओई सोनीपत | बी एंड जी | आर | कुश्ती | हां |
| 11. | हरियाणा | साई | एनसीओई सोनीपत | बी एंड जी | आर | हॉकी | हां |
| 12. | हरियाणा | साई | एनसीओई सोनीपत | बी एंड जी | आर | कबड्डी | हां |

**बी = लड़के, जी = लड़कियां, आर = आवासीय**

****